एक नजर में

पाखंडवाद छोड़ जीवन में वैज्ञानिक सोच अपनाएं

उज्जैन। सर्व कोरी कोली समाज उत्थान केंद्र धर्मशाला हामूखेड़ी में सद्गुरु कबीर साहेब की मूर्ति स्थापना और 629वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत भगवत साहेब बड़ौनी आश्रम ने कबीर वाणी के माध्यम से पाखंडवाद व ईश्वरवाद का खंडन करते हुए श्रोताओं से अपने जीवन में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के दानदाताओं का सम्मान किया गया। धर्मशाला में सद्गुरु कबीर साहेब की मूर्ति डॉ. मनमोहन सुनीता आर्य ने अपने पूर्वजों एवं पिता कन्हैया लाल आर्य की प्रेरणा से दान की। वहीं डॉ. विनोद पंथी एवं डॉ. सुंदर पंथी ने अपने बड़े भाई स्व. डॉ. दयाराम पंथी की स्मृति में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा दान में भेंट की गई। धर्मशाला की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए डॉ. देवेन्द्र ने सीसीटीवी कैमरे का संपूर्ण सिस्टम दान किया। दानदाताओं ने भविष्य में भी समाज के कार्यों में तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग देने का वादा किया, जिसकी समाजजनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी परमानंद रठा ने की। इंदौर के मूसाखेड़ी आश्रम के संत रामदास साहेब ने अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा कबीर के दोहे व भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध वंदना, कबीर वंदना एवं मूर्ति स्थापना मंगलपाठ से किया गया। संचालन उपासिका सावित्री ने किया एवं अतिथिगण का आभार संस्था के अध्यक्ष राजेश शाक्य ने माना। इस अवसर पर सीनी लाल सुकल्या, देवेन्द्र आर्या, नरेन्द्र रठा, मदनलाल वर्मा, चेतन वर्मा, सचिव प्रकाश पंथी, ओमप्रकाश खड़ोईया, वरिष्ठ महिला सामाजिक कार्यकर्ता मैडम विनोदिया, विद्या शाक्य, पिंकी, मृदुला पंथी आदि उपस्थित थे। संस्था की ओर से अंत में स्वल्पाहार दिया गया।

शिप्रा को प्रवहमान बनाने का लिया संकल्प

उज्जैन। त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संरक्षक महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज तथा संस्थापक आदित्य नागर विगत दिनों चार धाम उत्तराखंड यात्रा पर पहुंचे थे। पं. आदित्य नागर ने कठिन पर्वतीय यात्रा कर भागीरथी गंगा के उदगम गोमुख से गंगाजल तथा उत्तराखंड की पवित्र सात नदियों का पवित्र जल प्राप्त किया। महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, संस्थापक त्रिशूल शिव गणवाहिनी आदित्य नागर ने शिप्रा के उद्गम स्थान मुंडला दोसर की ककड़ी-बरडी पहाड़ी पर पहुंचकर शिप्रा का अभिषेक किया और मां शिप्रा को प्रवहमान तथा निर्मल बनाने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज ने कहा कि मोक्षदायीनी शिप्रा को स्वच्छ करने के लिए हम संकल्पित है। सुरेंद्र चतुर्वेदी जी ने कहा कि मां शिप्रा को प्रवाहमान और निर्मल बनाने के लिए वाहिनी द्वारा लगातार जल संवर्धन, स्वच्छता और पर्यावरण बचाने के कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मंत्रोच्चारण पं. शैलेंद्र द्विवेदी ने किया तथा ऐश्वर्य नागर, प्रेरणा मेहता, चेतना नागर, भावना, संजीता, सहित वाहिनी के अनेकों सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा केशव नगर मंडल की बैठक संपन्न

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी केशव नगर मंडल की कार्यकारी बैठक मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में वक्ताओं ने संगठन की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मीडिया प्रभारी नंदन चावड़ा ने बताया कि बैठक में नगर निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल जाटवा और महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रमिला यादव मुख्य रूप से उपस्थित थीं। इनके अलावा उमेश सेंगर, जितेंद्र कृपलानी, संतोष कोलवाल, गोपाल बलवानी, शैलेंद्र, कालू यादव सहित बड़ी संख्या में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आंजना राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बने

उज्जैन। अखिल भारतीय आंजणा समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक मानसिंहभाई देवजीभाई चौधरी ने महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विक्रमसिंह पटेल पटेल की अनुशंसा पर विक्रमसिंह आंजना सुरासा को अखिल भारतीय आंजणा समाज महासभा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। भरतसिंह पटेल के अनुसार विक्रमसिंह आंजना सुरासा की यह नियुक्ति वर्ष 2023 से 2028 तक की अवधि की कार्यकारिणी हेतु की गई है।

एक युवक करंट से मर गया दूसरा पानी में डूब कर, चलेगा जागरूकता अभियान

लगातार हो रहे हादसों के बाद जागा जिला प्रशासन, पुल-पुलियाओं पर होंगी बैरिकेडिंग, संकेतक लगाकर जागरूकता लाने के उपाय

उज्जैन। एक आदमी भारी बारिश में नदी पार करने के दौरान बाइक सहित बह कर मर गया, दूसरा सड़क पर करंट की चपेट में आने से मर गया। लगातार हो रहे हादसों के बाद जिला प्रशासन जागा है और बेरीकेटिंग से लगाकर संकेतक लगाए जाएंगे। वहीं बिजली के तारों को भी दुरुस्त करने की बात कही है. कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सुरक्षा प्राथमिकता

बैठक में निर्माण कार्यों, जनसुरक्षा व्यवस्थाओं समायावधि पत्रों, सीएम हेल्प लाईन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वर्षा काल के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुखों को दिए गए।

सड़क पर लाइट हो-सीएम से शिकायत का निराकरण

नगर निगम को निर्देशित किया गया कि रास्तों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी घटना-दुर्घटना की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी जाए ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। रपटों पर संकेतक लगाकर स्पष्ट रूप से चेतावनी देने के निर्देश दिए गए कि पानी होने की स्थिति में पुल-पुलियाओं को पार न किया जाए। अति वर्षा की स्थिति की में पुल पुलियाओं पर शासकीय सेवकों की ड्यूटी भी लगाई जाए जो कि आमजन को समझाईश दें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही समितिवार उर्वरक वितरण की समीक्षा कर किसानों को आवश्यकता अनुसार समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जनहानि ना हो

बैठक में निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य से संबंधित सभी विभाग प्रमुख वर्षा ऋतु में जनसुरक्षा सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की जनहानि न हो, इसके लिए आवश्यक सभी सावधानियां समय रहते अपनाई जाएं। वर्षा काल में पुल-पुलियाओं पर बैरिकेडिंग लगाने तथा आवश्यक स्थानों पर पुल-पुलियाओ पर बरसात का पानी होने की स्थिति में पार नहीं करने संबंधि चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए।

हितग्राहियों के पंजीयन

किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत चिन्हित जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा कर प्रगति में तेजी लाने तथा आवश्यक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने विभाग प्रमुखों को कहा गया। संबल योजना में सभी पात्र हितग्राहियों के पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, वनमंडलाधिकरी अनुराग तिवारी, एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, समस्त एसडीएम एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

पेट्रोल पंप के सामने नाले में मिली युवक की लाश

मृतक ने काले रंग का लोअर और मेहरून रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी

उज्जैन। आगर रोड आकाश पेट्रोल पंप के सामने नल से सोमवार सुबह एक युवक की लाश बरामद की गई है। जिसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सुबह कुछ लोगों द्वारा पेट्रोल पंप के सामने नाले में लाश पड़ी होने की सूचना दी गई थी। पुलिस के पहुंचने पर आसपास के लोगों की मदद से युवक को नाले से बाहर निकाला गया। आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किया लेकिन किसी ने भी उसकी शिनाख्त नहीं की। युवक की जानकारी एकत्रित करने के लिए उसके कपड़ों की तलाशी ली गई उसके पास से एक तंबाकू की पुड़िया और देसी शराब का लाल क्वार्टर मिला। पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। मृतक ने काले रंग का लोअर और मेहरून रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया गया है और मामले में मर्ग कायम किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि रात को हुई बारिश के दौरान युवक शराब के नशे में नाले में गिरा है जिसके चलते उसकी डूबने से मौत हुई है। पहचान होने पर ही युवक के संबंध में जानकारी सामने आ पाएगी। एसआई सुरेंद्र मंडलोई ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए जिले के थाना पुलिस को फोटो भेजे गए हैं और गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है।

फरार को घट्टिया थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

उज्जैन। पास्को एक्ट में आष्टा से फरार चल रहे आरोपी की सूचना घट्टिया थाना एसआई को मिली तो निपानिया टोल पर नाकाबंदी की गई। आरोपी दोस्त के साथ कार में सवार मिला। जिसे हिरासत में लेकर शनिवार-रविवार रात 2 बजे सिहोर पुलिस को सौंपा। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि रात को चैकिंग के दौरान एसआई प्रवेश जाटव को सिहोर में पदस्थ बैचमेट से सूचना मिली थी कि आष्टा से पास्को एक्ट के मामले में सालभर से फरार चल रहे आरोपी पिंटू उर्फ अरविंद 22 वर्ष, निवासी भवरा थाना आष्टा के घट्टिया क्षेत्र से गुजरने की खबर मिली है। जिसे गिरफ्तार करना है। एसआई जाटव ने टीम के साथ निपानिया टोल पर नाकाबंदी की। कुछ देर में ही उक्त आरोपी कार में सवार होकर टोल पर पहुंचा, उसे टोल पार करने से पहले ही दबोचा गया और थाने लाया गया। पूछताछ करने पर सामने आया कि फरार आरोपी का परिवार भी पीछे आयशर में सवार होकर आ रहा है। सभी राघवी में रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। फरार आरोपी के गिरफ्त में आने पर आष्टा सिहोर पुलिस को अवगत कराया गया। रात 2 बजे आष्टा पुलिस घट्टिया पहुंची और आरोपी को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ 10 हजार का इनाम भी घोषित था।

महापौर ने रामघाट क्षेत्र चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया

उज्जैन। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारी एवं कार्य से संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि सवारी से पूर्व कार्य को पूर्ण करें। साथ ही सावधानी रखते हुए कार्यों को संपादित करें मार्ग पर अभी भी जो जर्जर मकान है उन्हें हटाए जाने की कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

सस्ता सोना दिलाने के नाम पर धोखा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

▶ सेठी नगर में रहने वाले यादव ने पिछले माह दर्ज कराई थी शिकायत

उज्जैन। सस्ता सोना दिलाने के नाम पर 9.80 लाख की धोखाधड़ी में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस गुजरात से गिरफ्तार कर उज्जैन लाई है। आरोपी का साथी पूर्व में पकड़ा जा चुका था। फरार दूसरे आरोपी पर 10,000 का इनाम भी घोषित था।

माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि सेठी नगर में रहने वाले अजय यादव ने पिछले माह शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में उसकी पहचान राज उर्फ सुरेश से हुई। जिसने स्वयं को सोना-चांदी का व्यापारी बताते हुए बाजार मूल्य से कम कीमत पर सोना उपलब्ध कराने का झांसा दिया। विश्वास में लेकर आरोपी ने अलग-अलग खातों एवं माध्यमों से बयाना एवं अन्य खर्च के नाम पर राशि प्राप्त की तथा अपने साथी रोहित उर्फ अंकुर जोशी को उज्जैन भेजकर फरियादी से 7.62 लाख नगद भी प्राप्त करवा लिए। इसके बाद दोनों आरोपियों ने अलग-अलग बहाने बनाकर कुल 9.80 लाख की धोखाधड़ी की तथा रुपए वापस मांगने पर फरियादी को झूठे प्रकरण में फंसाने एवं जान से मारने की धमकी देने लगे। रविवार को एक टीम गुजरात के जिला पाटन रवाना की गई। जहां से फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार दोपहर उज्जैन लाया गया। आरोपी सुरेश उर्फ राज पिता कांतिलाल जोशी, 45 वर्ष, निवासी ग्राम दादका, जिला पाटन (गुजरात) ने पूछताछ में धोखाधड़ी करना स्वीकार किया है।

दस हजार रुपए का इनाम किया था घोषित

मामले में प्रकरण दर्ज कर 18 मई को आरोपियों ने पुनः फरियादी को पीजीव्हीटी ग्राउंड, उज्जैन बुलाकर सोना देने का झांसा दिया। फरियादी द्वारा तत्काल थाना माधवनगर पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित उर्फ अंकुर जोशी को मौके से गिरफ्तार किया था, जबकि मुख्य आरोपी सुरेश उर्फ राज मौके से फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10,000 का इनाम घोषित किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी।

कबीर प्राकट्य दिवस पर निकली शोभायात्रा, मेधावी सम्मानित

उज्जैन। कोली कोठार समाज पंचायत के तत्वावधान में सदगुरु कबीर साहब के प्राकट्य दिवस पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान समाजजनों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर कबीर साहब के आदर्शों और संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। आयोजन के समापन पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

समाज के पदाधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि शोभायात्रा गांधी बालोद्यान क्षीरसागर से प्रारंभ हुई। यह कुशलपुरा और आर्य समाज मार्ग होते हुए डॉक्टर राजेंद्र जैन सभागृह क्षीरसागर पर संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सत्यनारायण पंवार थे। अध्यक्षता अनोखीलाल भारती ने की। विशेष अतिथि के रूप में कोली कोरी समाज उत्थान संघ के अध्यक्ष राजेश शाक्य, प्रकाश पंथी, किशोरीलाल सूर्यवंशी, मांगीलाल चौहान, रामप्रसाद खींची, गेंदालाल चौहान, शिवनारायण सोलंकी और चतुर्भुज भाटिया उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत देवकरण कोठार, अनिल पंवार, महेश सोलंकी, जगदीश पंवार, ओमप्रकाश चंदेल, मदन भाटिया, संदीप कछवाय और हरीश चौहान ने किया। संचालन शैलेंद्र भाटिया ने किया तथा आभार अनिल पंवार ने माना।

स्व. बाबूलाल पंवार की स्मृति में हुआ सम्मान

कार्यक्रम के अंतर्गत कोली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. बाबूलाल पंवार की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा, खेल और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

मूक-बधिर युवती से छेड़छाड़ करने वाला आया भाटपचलाना पुलिस की हिरासत में

उज्जैन। मूक-बधिर और मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद 1 घंटे में हिरासत में ले लिया। विक्षिप्त युवती के भाई की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि सुनील पिता मुन्नालाल, निवासी ग्राम बालोदा लख्खा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 21 वर्षीय बहन घर में अकेली सो रही थी। इसी दौरान ग्राम बालोदा लख्खा निवासी मांगीलाल पिता बगदीराम अनाधिकृत रूप से घर में घुस आया तथा बहन के साथ छेड़छाड़ करने लगा। बहन के विचलित होने की आहट आने आने पर उसके कमरे में पहुंचे तो मांगीलाल भाग निकला। भाई ने बताया कि उसकी बहन मूक-बधिर होकर मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस ने युवती के भाई की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू की 1 घंटे में ही उसे हिरासत में ले लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

कल होगा पं. ओम व्यास स्मृति समारोह

उज्जैन। हास्य-व्यंग्य के प्रख्यात हस्ताक्षर पंडित ओम व्यास ओम की स्मृति में 16वां सम्मान समारोह 8 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का प्रतिष्ठित ओम व्यास ओम स्मृति झालमुड़ी हास्य सम्मान इंदौर के कवि प्रदीप नवीन को और धुरंधर व्यंग्य अलंकरण रतलाम के जुझार सिंह भाटी को प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक शैलेंद्र व्यास और कवि सुरेंद्र सर्किट ने बताया कि यह गरिमामय समारोह बुधवार सुबह 9 बजे तरणताल स्थित राधा पार्क में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मालवी हास्य कविताओं की विशेष प्रस्तुति होगी, जिसमें कमल पटेल और संगीता तल्लेरा काव्य पाठ कर श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। मुकेश जोशी, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि अशोक भाटी, दिनेश दयावान ने काव्य प्रेमियों से समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

एक नजर में ▶ मंत्री उइके ने भी किए दर्शन, मंदिर समिति ने दोनों मंत्रियों का किया सम्मान

मंत्री प्रहलाद पटेल परिवार के साथ पहुंचे बाबा महाकाल के दरबार में

उज्जैन। मप्र के पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दरबार में पहुंचे। मंत्री पटेल सुबह की आरती में शामिल हुए। वे परिवार संग आए थे। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बाद में नंदीहॉल में बैठकर पूजा-आराधना संपन्न की। पुजारी आशीष गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री पटेल का कोटितीर्थ कुंड के किनारे अधिकारियों ने भगवान महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। मंत्री पटेल ने कहा महाकाल लोक बनने के बाद से यहां लाखों श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। सुबह की भस्मारती में कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन श्रीमती संपत्तिया उइके ने भी भगवान महाकाल के दर्शन किए।

यूडीए अध्यक्ष से की भस्म आरती द्वार बनाने की मांग

उज्जैन में 9 द्वार निर्माण की योजना पर काम चल रहा है। महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित रमण त्रिवेदी ने इनमें से एक द्वार भस्म आरती द्वार के नाम से बनाने की मांग उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी से की है। इसे लेकर पंडित त्रिवेदी ने अध्यक्ष डॉ. सोलंकी को बाबा महाकाल की तस्वीर के साथ मांग पत्र सौंपा है। डॉ. सोलंकी ने पुजारी को आश्वासन दिया कि वे अवश्य इस विषय पर विचार कर सबकी सहमति से निर्णय लेंगे।

गुमानदेव पर पहली बार होंगे गुलाबी घटा के दर्शन

उज्जैन। पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर आज 7 जुलाई, मंगलवार को नौका विहार, मोगरा एवं आम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को पहली बार बाबा गुमानदेव के गुलाबी घटा के आकर्षक दर्शन होंगे। गादीपति पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे बाबा गुमानदेव का पंचामृत पूजन और अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात बाबा को आकर्षक गुलाबी पोशाक धारण कराई जाएगी।

छात्राओं को साइबर से बचाव के टिप्स दिए

उज्जैन। मप्र पुलिस द्वारा संचालित राज्यव्यापी अभियान ऑपरेशन सेफ क्लीक 2.0 के अंतर्गत आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सराफा, उज्जैन में उज्जैन पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में उज्जैन पुलिस की ओर से थाना प्रभारी महाकाल निरीक्षक गगन बादल, सहायक उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह चौहान एवं थाना महाकाल पुलिस का स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन की ओर से डॉ. अंजना शुक्ला, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पीसी गुप्ता तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज भाटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाली ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, अश्लील एवं आपत्तिजनक ऑनलाइन सामग्री, पहचान की चोरी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद स्थापित करते हुए साइबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग से संबंधित प्रश्न पूछे गए। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रश्नों के उत्तर दिए।